# कस्तूरबाग्राम रूरल इन्स्टीट्यूट,कस्तूरबाग्राम,इंदौर

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

## IQAC बैठक दिनांक 03.09.2016 की कार्यसूची

**विषय कमांक– 01** IQAC प्रकोष्ठ हेतु प्राप्त यू.जी.सी. ग्रांट आवंटन की जानकारी एवं चर्चा ।

**विषय कमांक– 02** सत्र 2016–17 में प्रस्तावित राष्ट्रीय संगोष्ठी, FDP कार्यशाला व जागरूकता कार्यकम की योजना की जानकारी एवं चर्चा ।

**विषय कमांक– 03** नवीन संकायों के प्रस्तावों पर की गई प्रकिया की जानकारी ।

**विषय कमांक– 04** NAAC रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक संशोधन हेतु मार्गदर्शन।

**विषय कमांक– 05** महाविद्यालय की कियाशील वेबसाईट हेतु सुझाव व मार्गदर्शन ।

**विषय कमांक– 06** महाविद्यालयीन प्रसार व अन्य गतिविधियों के वार्षिक नियोजन पर चर्चा।

**विषय कमांक– 07** अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा ।

...........

# कस्तूरबाग्राम रूरल इन्स्टीट्यूट, कस्तूरबाग्राम, इंदौर
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ बैठक का प्रतिवेदन
## दिनांक 03.09.2016

दिनांक 03.09.2016 को आई.क्यू.ए.सी. (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) की बैठक प्राचार्या महोदया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

1. डॉ. निर्मला सिंह – अध्यक्ष
2. डॉ.भरत छपरवाल – सदस्य
3. डॉ. आलोक देशवाल – सदस्य
4. डॉ. शैलबाला गांधी – सदस्य
5. डॉ.इंदुबाला मालवीय – सदस्य
6. डॉ.कीर्ति यादव – सदस्य
7. डॉ.समृथ निनामा – सदस्य
8. श्री गोविंद नागौर – सदस्य
9. डॉ. पूनम कौशिक – समन्वयक

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित नही हो सके :–

1. श्री मनोहर देव – सदस्य
2. श्रीमती लता श्रीवास्तव – सदस्य
3. डॉ.सुधा सिलावट – सदस्य
4. श्रीमती आरती चौहान – सदस्य

सर्वप्रथम बैठक के आरंभ में डॉ.पूनम कौशिक द्वारा गत सत्र में सम्पन्न हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर सभी सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

तत्पश्चात् सत्र 2016–17 में महाविद्यालय में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गई।

**विषय कमांक – 1 IQAC प्रकोष्ठ हेतु प्राप्त UGC ग्रांट आवंटन की जानकारी व चर्चा –**

डॉ. छपरवाल द्वारा प्राप्त IQAC सेल हेतु ग्रांट की जानकारी मांगी गई। उनका यह कहना था कि NAAC की दृष्टी से IQAC की स्थापना करना अनिवार्य है। सेल की आवश्यकताएं इस ग्रांट से पूरी की जाना चाहिए। कम्प्यूटर कय करते समय कम्प्यूटर का अपग्रेट वर्जन लेना चाहिये वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार ही IQAC की समिति में विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों एवं अन्य व्यक्तियों को भी सदस्य मनोनीत करना चाहिए जो संस्था की गुणवत्ता बढाने में अपना योगदान दे सकें। ग्रांट की प्रदान राशि का अधिकतम एवं युक्ततम उपयोग होना चाहिए।

**विषय कमांक – 2 सत्र 2016–17 में प्रस्तावित स्ववित्त से अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी, FDP कार्यशाला व जागरूकता कार्यकम की योजना की जानकारी व चर्चा।**

इस विषय के अंतर्गत प्राचार्या महोदया द्वारा समिति के सदस्यों को संगोष्ठी **FDP** व कार्यशाला इत्यादि को आयोजित करने की जानकारी दी गई। जिस पर डॉ. भरत छापरवाल द्वारा Research Methodology विषय पर Faculty Development Programme करवाने हेतु डॉ.संसनवाल का नाम प्रस्तावित किया गया। कार्यालयीन स्टाफ हेतु कार्यालय प्रबंधन विषय पर कार्यशाला करवाने हेतु डॉ. गणेश कावडिया का नाम प्रस्तावित किया गया।

– Smart Board पर workshop करवाने की जानकारी देने पर डॉ. छापरवाल द्वारा प्रश्न किया गया कि यदि महाविद्यालय में Smart Board उपलब्ध है तो उनका उपयोग क्यों नही किया गया ? साथ ही यह भी कहा कि जब भी किसी भी मद से महाविद्यालय में कुछ सामान मंगवाया जाये तो उसका अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए।

– सदस्यों द्वारा गांधीजी से जुडे अन्य विषयों पर भी कार्यशाला करवाए जाने का सुझाव दिया गया जैसे गांधी व आहार, गांधी व प्राकृतिक चिकित्सा इत्यादि।

**विषय कमांक – 3 नवीन संकाय के प्रस्तावों पर की गई प्रकिया की जानकारी –**

उपरोक्त विषयांतर्गत नवीन पाठ्यक्रम आरंभ करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर बैठक में रखे गये जिसमें B.Sc. (Biology), M.S.W. के पाठ्यक्रम आरंभ करने हेतु चर्चा की गई, जिस पर डॉ.छापरवाल द्वारा नवीन संकाय खोलने हेतु महत्पूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। उन्होने सुझाया कि नवीन पाठ्यक्रम खोलने हेतु विश्वविद्यालय से सम्पर्क करना चाहिये। CBCS में कम्प्यूटर शिक्षा पर ध्यान देना जरूरी है। जिस पर प्राचार्या द्वारा बताया गया कि सत्र 2015–16 से ही CBCS के अंतर्गत प्रत्येक कक्षा में कम्प्यूटर विषय जोड़ा गया है।

बैठक में प्राचार्या महोदया द्वारा दिए गए "गांधी विचार शोध केन्द्र खोलने के विचार को सराहा व इसे भविष्य में M.Phil & Ph.D. से जोडने की सलाह दी गई। इस शोध केन्द्र से गांधी को जोडकर सामाजिक विज्ञान के विषयों पर भी शोध करवाए जा सकेंगे।

**विषय कमांक – 4 NAAC Report के आधार पर आवश्यक संशोधन हेतु मार्गदर्शन –**

उपरोक्त विषयांतर्गत निम्न सुझाव बैठक में प्राप्त हुए –

– शिक्षक शोध पत्र लेखन व प्रकाशन पर ध्यान दें व बढावा दिया जाए।

– प्राचार्या ने जानकारी दी की शिक्षकों से जुलाई 16 में निवेदन किया गया कि वर्ष में एक Research Paper अवश्य Published करवाए एवं गुणवत्ता संबंधित प्रभारी को जानकारी दें।

– शोध कार्य हेतु अलग से बजट होना चाहिए।

– कार्यशाला व सगोष्ठी में भागीदारी को बढावा देना चाहिए व संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना चाहिये।

– महाविद्यालय की गतिविधियों को समय समय पर न्यूज बुलेटिन में प्रकाशित किया जाना चाहिए।

– महाविद्यालय को अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए, जैसे MGM College (महात्मागांधी चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर एवं कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट के अन्य केन्द्र इत्यादि।

- **Academic Flexibility के बारे में चर्चा व सुझाव।**
  * Faculty Empowerment **पर कार्य करना चाहिए।**
  * फैकल्टी का ड्यूटी चार्ट व सभी गतिविधियों का कैलेण्डर बनाना चाहिए।
  * महाविद्यालय में निम्न कमेटी होनी चाहिये –
  * अकादमिक समिति, वित्त समिति व फैकल्टी एम्पावरमेंट समिति
  - प्राचार्या महोदया ने निवेदन पूर्वक जानकारी दी कि उक्त समस्त ड्यूटी चार्ट एवं कैलेण्डर संस्था में वर्षो से बनाए जाते रहे हैं तथा समस्त समितियों का भी गठन किया गया है।
- भूतपूर्व छात्राओ की समिति को अधिक सशक्त बनाए व उनसे लगातार सम्पर्क मे रहें।
- महाविद्यालय के पुस्तकालय को E-library बनाना चाहिए व इस हेतु समय समय पर पुस्तकालय का दिशा दर्शन प्रोग्राम होना चाहिए।
- पुस्तकालय का फुट फॉल रजिस्टर बनाया जाना चाहिए।
- पुस्तकालय के खुलने का समय बढाना चाहिए क्योकि साधारणतः पुस्तकालय 12 घण्टे खुला रहता है।
- महाविद्यालय के छात्रावास में भी एक छोटा पुस्तकालय खोला जा सकता है व छात्राओं को ही उसका प्रभारी बनाया जाए।
- भूतपूर्व छात्र एसोशिएशन को मजबूत करना चाहिए। समय समय पर भूतपूर्व छात्राओं का सम्मेलन किया जाना चाहिए।
- डॉ. छापरवाल द्वारा यह सुझाव दिया गया कि NAAC की Report पर प्राचार्या द्वारा सोच समझकर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए क्यों कि इसी पर NAAC द्वारा महाविद्यालय का ग्रेड तय किया जाता है।
- " Earn by Learn Concept " की जानकारी प्राचार्या महोदया द्वारा दी गई कि छात्राओं द्वारा इसके संबंध में कार्य किये जा रहे हैं। डॉ. छपरवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार प्रतिभाशाली छात्राओं को आगे लाने के प्रयास होने चाहिये व प्रत्येक कार्य का दस्तावेजीकरण होना चाहिए। छात्राओं को कितना मानदेय दिया जाए इस विषय पर चर्चा की गई।

– अंग्रेजी रेमेडियल व भाषा प्रयोगशाला के लिए बजट होना चाहिये।

– छात्रावास में भी कम्प्यूटर व वायफाय की सुविधा होनी चाहिये।

– स्ववित्त से खोले गये नये पाठ्यक्रमों के लिये नियमित या स्थायी शिक्षकों की आवश्यकता नही है। सुझाव लेने के लिये श्री राजीव झालानी, प्राचार्य माहेश्वरी महाविद्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

**विषय कमांक –5 महाविद्यालय की कियाशील वेबसाइट हेतु सुझाव व मार्गदर्शन –**

– उक्त विषय पर चर्चा पश्चात निर्णय लिया गया कि वेबसाइट कियाशील होनी चाहिये व अनुभवी व्यावसायिक फर्म व व्यक्ति से बनवाना चाहिए।

– NAAC की समिति संस्था व व्यक्तिगत वैबसाईट देखकर भी महाविद्यालय के बारे में अपनी धारणा बनाते है। वेबसाइट में महाविद्यालय की संक्षेप में सम्पूर्ण जानकारी दी जाना चाहिये।

**विषय कमांक –6 महाविद्यालयीन प्रस्ताव व अन्य गतिविधियों के वार्षिक नियोजन पर चर्चा**

– प्राचार्या ने जानकारी दी कि प्रसार, रा.से.यो., सांस्कृतिक एवं बौद्धिक समिति, खेलकूद विभाग एवं छात्रसंघ आदि के कैलेण्डर बना लिए गये हैं व उनके अनुरूप महाविद्यालय के कार्यों का कियान्वयन किया जा रहा है।

.......

## कस्तूरबाग्राम रूरल इन्स्टीट्यूट,कस्तूरबाग्राम,इंदौर
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
### IQAC की पूर्व बैठक दिनांक 03.09.2016 में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन

विषय कमांक– 01 IQAC प्रकोष्ठ हेतु प्राप्त यू.जी.सी. ग्रांट आवंटन की जानकारी एवं चर्चा।

सत्र 2016–17 में यू.जी.सी. द्वारा IQAC प्रकोष्ठ के लिये रू.2,52,000.00 की ग्रांट सेंग्शन की गई थी जिसमें से रू. 2,26,800.00 की पहली किश्त का आवंटन अप्रैल 2016 में हुआ। महाविद्यालय द्वारा कय समिति की बैठक के निर्णय पश्चात ग्रांट का उपयोग किया गया।

1. Office Equipment — Rs. 60,000.00
   Furniture , Inverter & Battery, UPS
2. ICT Expenses – — Rs. 70,000.00
   Computer, Printer, Website updat ion,
   Website renewal , Anti Virus, Wi-Fi dongle –2
3. Contingency - — Rs. 24,800.00
   Stationery, Workshops (3 workshops for 3 days),
   Curtain, Digital signature
4. Coordinator Honorarium - — Rs. 12,000.00
5. Technical Service - — Rs. 60,000.00

उपयोग पश्चात्, नियम अनुसार हिसाब UGC को पहुंचाने हेतु तैयार है।

विषय कमांक–02 सत्र 2016–17 में प्रस्तावित राष्ट्रीय संगोष्ठी, FDP कार्यशाला व जागरूकता कार्यकम की योजना की जानकारी एवं चर्चा ।

सत्र 2016–17 में निम्न संगोष्ठी, एफ.डी.पी. व कार्यशालाएं आयोजित की गई–

सत्र 2016–17 में आयोजित किये गए सेमीनार, वर्कशॉप की जानकारी (स्ववित्त)

| S.N. | Activities | Days / Month | Date | No. of Participants | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "Rakhi Making" workshop | 07 Days | 25-07-16 to 31-7-16 | 35 | यह राखियाँ हमारे सैनिक भाईयों के लिए कारगिल भेजी गई। |
| 2 | "Jwellery Making" workshop | 20 Days | 3-10-16 to 22-10-16 | 63 | Workshop based on Learn by Earn Concept |
| 3 | Seminar on "Naturopathy" | 01 Day | 1-10-16 | 250 | College Level |
| 4 | P.R.A. Training Program | 02 Days | 12-10-16 to 13-10-16 | 96 | For M.A. & B.A. final year students |
| 5 | Workshop on Naturopathy & its Practical Approach | 02 Days | 15-10-16 to 16-10-16 | 65 | For B.A. II year students & teachers |
| 6 | Seminar on "How to join Defense" | 01 Day | 02-11-16 | 299 | Seminar organized to motivate students to join defense services |
| 7 | Workshop on "Sahaj Yoga" | 01 Day | 13-12-16 | 330 | Workshop organized in coloration with Nirmala Devi Sahaj Yoga Centre Indore |
| 8 | International Seminar on "Changing Trends of Election Campaign in Democratic Countries" | 02 Days | 15-1-17 to 16-1-17 | 181 + 28 Volunteers | Report Enclosed |
| 9. | Spoken English ( Add On Certificate Course) | 1 Month | 30-1-17 to 28-2-17 | 270 | Skill Development |
| 10 | Workshop on Gond Art | 5 Days | 4-3-17 to 8-3-17 | 56 | After learning this art was presented at Regal square Indore |
| 11 | Workshop on Yoga & Fitness | 3 Days | 20-3-17 to 22-3-17 | 26 | Aasanas & Pranayam, Yoga for daily life |
| 12 | Workshop on preparation of Interview | 3 Days | 20-3-17 to 22-3-17 | 100 | For Final year students |
| 13 | Workshop on Self Defense & skill development | 3 Days | 21-3-17 to 23-3-17 | 40 | To develop skill of self defense with and without equipments. |

विषय कमांक– 03 नवीन संकायों के प्रस्तावों पर की गई प्रकिया की जानकारी ।

नवीन संकाय आरंभ हेतु बैठक में बी.काम. (कम्प्यूटर) व एम.एस.डब्ल्यू. के संदर्भ में चर्चा की गई थी। महाविद्यालय द्वारा नवीन संकाय खोलने की प्रकिया आरंभ की गई थी। उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश के द्वारा सत्र 2016–17 सितम्बर–नवंम्बर में नवीन विषयों के लिये ऑनलाइन चालान भर कर प्रकिया आगे बढाई जायेगी ऐसे निर्देश प्राप्त हुए।

ऑनलाइन चालान प्रतिपूर्ति नही होने के कारण माह मार्च में विश्वविद्यालय द्वारा नये विषयों के लिये आवेदन देने की स्थिति नही बन पाई।

विषय कमांक–04 NAAC रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक संशोधन हेतु मार्गदर्शन।

पूर्व बैठक में NAAC रिपोर्ट पर दिये गये सूझाव व मार्गदर्शन अनुसार निम्न कार्यवाही की गई–

- शिक्षकों द्वारा शोध पत्र लेखन व प्रकाशन का कार्य किया गया।
- शोध पत्र प्रकाशन व प्रेजेंटेशन के बाद शिक्षकों का रिकार्ड रखा गया।
- अन्य संस्थाओं के साथ जुडकर निम्न कार्य हुए –

  अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी – ए.एम.एस. फाउण्डेशन, दिल्ली

  आगाखां ग्रामीण संस्थान, खण्डवा
- फैकल्टी को वितरित कार्य का ड्यूटी चार्ट व महाविद्यायलीन गतिविधियों का कैलेण्डर प्रति वर्ष बनाया जाता है।
- निम्न समितियां पूर्व से ही कार्य कर रही है –

  अकादमिक समिति

  वित्त समिति

  फैकल्टी एम्पावरमेंट समिति

2017–18 में भूतपूर्व छात्राओं का सम्मेलन किया जाना प्रस्तावित है।

– महाविद्यालय पुस्तकालय को इ–लायब्रेरी बनाया गया है व पुस्तकालय में फुट फाल रजिस्टर भी रखा गया है। पुस्तकालय सुविधा दो स्थानों पर है अतः प्रातः 10.00 से 1.00 तक महाविद्यालय में विभागीय पुस्तकालय व मुख्य पुस्तकालय 2.00 से सायं 5.00 तक खुला रहता है। छात्राओं की सुविधा के लिये छात्रावास स्तर पर भी पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है जो सायं 6.00 बजे से खुला रहता है जहां विभिन्न समाचार पत्र, पुस्तकों तथा एक कम्प्यूटर की व्यवस्था है।

– अर्न बाय लर्न कन्सेप्ट के अंतर्गत महाविद्यालय की कुछ छात्राओं द्वारा शैक्षणिक विषयों की कक्षाएं सांस्कृतिक कार्यों में विशेष सहयोग, कार्याशाला में प्रशिक्षक व सहायक तथा सिलाई का कार्य कर धन अर्जन किया गया। इसके लिये छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए प्रमाण पत्र व सम्मान चिन्ह भेंट किये गये।

– स्ववित्त से अंग्रेजी भाषा व स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं आयोजित की गई जिसका 270 छात्राओं ने लाभ प्राप्त किया।

विषय क. 5 महाविद्यालय की कियाशील वेबसाईट हेतु सुझाव व मार्गदर्शन ।

महाविद्यालय की कियाशील वेबसाइड तैयार हो रही है, जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी दी गई है :– (जानकारी संलग्न)

विषय क. 6 महाविद्यालयीन प्रसार व अन्य गतिविधियों के वार्षिक नियोजन पर चर्चा।

सत्र 2016–17 में प्रसार, रा.से.यो. सांस्कृतिक एवं बौद्धिक, खेलकूद विभाग व छात्र संघ द्वारा कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

विषय क. 7 अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा ।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों में खेलकूद मैदान के रखरखाव के संदर्भ में महाविद्यालय में समिति गठित कर बैठक आयोजित की गयी जिसमें MPCA की सदस्या सुश्री संध्या अग्रवाल व श्रीमती संध्या पाटनी भी उपस्थित थी। अन्य सदस्य, डॉ. सुनील दुधाले, डॉ.विकास कौशिक व डॉ. अजय शाहनी के साथ बैठक में यह आश्वासन प्राप्त हुआ कि इस मैदान को विशेषज्ञों को दिखाने के बाद महिला क्रिकेट हेतु उपयुक्त होने पर यह मैदान MPCA द्वारा विकसित कर क्रिकेट की गतिविधि के लिये उपयोग में लाया जा सकेगा।

...............

## Kasturbagram Rural Institute, Kasturbagram, Indore

## List of Heads of website: www.kgri.org

| Main Link | Sub link |
|---|---|
| **1. The College** | 1.1 History<br>1.2 Vision and Mission<br>1.3 Achievement<br>1.4 Quality Policy<br>1.5 Admission Policy<br>1.6 Special features<br>1.7 Infrastructure |
| **2. Administration** | 2.1Governing Body<br>2.2 Finance Committee<br>2.3 Academic Council<br>2.4 Principal<br>2.5Teaching faculty<br>2.6 Office staff |
| **3. Student Kit** | 3.1 Academic Calendar<br>3.2UG Course-curriculum<br>3.3 PG Course-curriculum<br>3.4 Time Table<br>3.5 Fee Structure<br>3.6 Carrier Counseling Cell |
| **4. Facilities** | 4.1Laborarotries<br>4.2 AV Rooms and Auditorium<br>4.3Hostel<br>4.4 Residential Quarters |
| **5.Galary** | |
| **6.Examination and results** | |
| **7.Library** | |
| **7.Extension Department** | |
| **8.Co-curricular activities-** | 8.1NSS,<br>8.2Sports,<br>8.3Cultural & Literary<br>8.4Awards |
| **IQAC** | |
| **NACC –SSR** | |
| **Alumni** | |
| **Contact Us** | |
| **Anti raging** | |

# कस्तूरबाग्राम रूरल इन्स्टीट्यूट,कस्तूरबाग्राम,इंदौर

## IQAC की बैठक दिनांक 02.05.2017 की कार्य सूची

**विषय कमांक– 01** पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय एवं की गयी कार्यवाही का प्रतिवेदन।

**विषय कमांक– 02** वर्ष 2017–18 में नैक के दोरे के लिये तैयारी हेतु सुझाव, चर्चा एवं निर्णय।

**विषय कमांक– 03** नैक निरीक्षण पूर्व तैयार (एस.एस.आर.) हेतु संस्थागत स्तर पर सक्षम व्यक्ति की नियुक्ति – चर्चा, सुझाव व निर्णय।

**विषय कमांक– 04** छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं के व्यक्तितव विकास एवं गुणवत्ता संवर्धन हेतु कार्यकमों की रूपरेखा (योजना) का प्रस्ताव, प्रस्तुति – सुझाव, चर्चा एवं निर्णय। (संलग्न)

**विषय कमांक– 05** अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर सुझाव, चर्चा व निर्णय।

# कस्तूरबाग्राम रूरल इन्स्टीट्यूट, कस्तूरबाग्राम, इन्दौर
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ बैठक का प्रतिवेदन, दिनांक 02.05.2017

दिनांक 02.05.2017 को आई.क्यू.ए.सी. (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ. निर्मला सिंह | – | अध्यक्ष |
| 2. डॉ.भरत छपरवाल | – | सदस्य |
| 3. डॉ. आलोक देशवाल | – | सदस्य |
| 4. डॉ. सुधा सिलावट | – | सदस्य |
| 5. श्रीमती आरती चौहान | – | सदस्य |
| 6. श्रीमती कविता जमींदार | – | सदस्य |
| 7. डॉ. शैलबाला गांधी | – | सदस्य |
| 8. डॉ.इंदुबाला मालवीय | – | सदस्य |
| 9. डॉ.कीर्ति यादव | – | सदस्य |
| 10. डॉ.समृथ निनाम | – | सदस्य |
| 11. डॉ. पूनम कौशिक | – | समन्वयक |

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित नही हो सके :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री मनोहर देव | – | सदस्य |
| 2. श्रीमती लता श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 3. श्री गोविंद नागौर | – | सदस्य |

**विषय कमांकः 1 पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय एवं की गयी कार्यवाही का प्रतिवेदन।**

बैठक के आरंभ में प्राचार्य द्वारा सभी का स्वागत किया गया। समन्वयक डॉ. पूनम कौशिक द्वारा दिनांक 03.09.2017 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सदस्यों द्वारा निम्न सुझाव दिये गये।

– नवीन संकायों के संदर्भ में डॉ. छपरवाल ने कहा कि नवीन संकाय खोलने के लिए ऑटोनामस गाईडलाइन के नियमानुसार कार्य किया जाये। मध्य प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय से जो भी चर्चा हो उसे लिखित में अंकित करें। महाविद्यालय के सभी प्रस्ताव शासी निकाय में रखें।

– महाविद्यालय वैबसाईट के संदर्भ में डॉ. छपरवाल व डॉ. देशवाल का मत था कि –

......2

* महाविद्यालयीन वैबसाईट पर RTI कमेटी व विशाखा समिति का गठन कर अपलोड करें।

* वैबसाईट पर संक्षेप में बा–बापू के वो उद्‌देश्य डालें जिनके कारण संस्था की नीव रखी गयी महाविद्यालय ई–लायब्रेरी के संदर्भ में विश्वविद्यालय के प्रमुख ग्रंथपाल डॉ. नायडू से मिलकर इसे और समृद्ध करें।

- IQAC की नई समिति में पालकों व छात्राओं को भी सदस्य के रूप में रखें।
- पालकों और शिक्षकों की औपचारिक बैठक कर उसका रिकार्ड रखें। पालकों से प्रतिपुष्टी फार्म भरवा लें।
- सभी सदस्यों ने पूर्व बैठक में किये गये कार्यों की पुष्टी की व संतोष व्यक्त किया। सदस्यों द्वारा इसका अनुमोदन किया गया।

**विषय कमांकः–2 व 3– वर्ष 2017–18 में नैक के दोरे के लिये तैयारी हेतु सुझाव, चर्चा एवं नर्णय। नैक निरीक्षण पूर्व तैयारी (एस.एस.आर.) हेतु संस्थागत स्तर पर सक्षम व्यक्ति की नियुक्ति – चर्चा सुझाव व निर्णय।**

– वर्ष 2017–18 से नैक के दौरे के लिए तैयारी हेतु सुझाव, चर्चा व निर्णय – सदस्यों द्वारा निम्न सुझाव दिये गये –

– NAAC के सातों विशिष्ट बिन्दुओं (मूल्यांकन के आधार) पर महाविद्यालय में गुणवत्ता वृद्धि का कार्य किया जाना चाहिए। वरिष्ठ शिक्षकों के साथ अन्य सहयोगियों का समूह बनाकर यह कार्य करें। सभी क्राइटीरिया का प्रोफार्मा भरने के लिये कार्यभार वितरण कर कार्य करें। कार्य वितरण व संपूर्ण जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की होगी। इस कार्य के लिए छात्राओं का भी सहयोग लिया जा सकता है। उपरोक्त सभी कार्य प्राचार्य के मार्गदर्शन में होंगे।

– प्राचार्या ने जानकारी दी कि प्रति वर्ष विभिन्न समितियों का कार्यभार वितरण कर पृथक पृथक समितियों के कैलेण्डर अनुसार कार्य समपन्न किये जाते हैं तथा रिकार्ड रखा जाता है। सदस्यों के सम्मुख कैलेण्डर एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए।

- पाठ्‌यकम निर्माण क्राईटीरिया में academic flexibility का समावेश अवश्य हो।
- Teacher learning evaluation में शिक्षक व छात्र दोनों की भागीदारी होनी चाहिये। छात्र प्रोफाइल महाविद्यालय में उपलब्ध होना चाहिये।

– छात्राओं द्वारा शिक्षकों का मूल्यांकन करवाकर टीचिंग लर्निंग की फीडबेक रिपोर्ट तैयार करना चाहिये। इसमें शिक्षक की योग्यता व शिक्षण पद्धति का भी मूल्यांकन हो सकेगा।

– शोध व प्रसार क्राइटीरिया – महाविद्यालय में शोध केन्द्र बनाने पर चर्चा हुई जिस पर प्राचार्या ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय निर्देश अनुसार शोध केन्द्र के लिए संस्था में रजिस्टर्ड गाइड्स का होना आवश्यक है जिसमें एक प्रोफेसर ग्रेड का होना जरूरी है जो कि महाविद्यालय में नही है। डॉ. छापरवाल ने कहा कि आपकी जो भी आवश्यकता है, वह आप बताइये, हम अनुमोदित करेंगे व शासी निकाय में रखें।

– महाविद्यालय IQAC द्वारा innovative कार्य किये जाने चाहिये जैसे energy conservation, water harvesting .

– डॉ. देशवाल ने उनके विभाग द्वारा करवाये जा रहे प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम की जानकारी दी जो छात्राओं के लिए लाभकारी है। यह कोर्स Ministry of Skill Development द्वारा मान्य है। प्राचार्या ने प्रस्ताव हेतु धन्यवाद प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों को इसमें जोडने का कहा।

**विषय कमांक – 4 छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास एवं गुणवत्ता संवर्धन हेतु कार्यकमों की रूपरेखा (योजना) का प्रस्ताव प्रस्तुति–सुझाव चर्चा एवं निर्णय।**

समन्वयक द्वारा पटल पर रखी गई योजना का वाचन किया गया। सभी सदस्यों द्वारा प्रस्तावों को सराहा गया। सदस्यों द्वारा कुछ विशेष वक्ताओं के नाम भी सुझाए गए –

- शोध Research methodology – डॉ. सनसनवाल, डॉ. गणेश कावडिया।
- API डॉ. दिनेश वार्शने, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
- कार्यालय प्रबंधन – डॉ. गणेश कावडिया, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
- आत्मरक्षा – महिला सशक्तिकरण विभाग
- हेल्थ अवेयरनेस – डॉ. जे.एस. टुटेजा
- करियर गाइडेंस – डॉ. अमय पहारे, डॉ. राठी उपनिदेशक, स्वामी विवेकानंद करियर गाईडेंस सेल, म.प्र. शासन, भोपाल
- भारतीय भाषा पर भी एक कार्यशाला का सुझाव प्राप्त हुआ
- कस्तूरबाग्राम के.वी.के. द्वारा organic farming पर add on certificate course का भी प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

**अन्य विषय –**

– प्राचार्या महोदया, डॉ. भरत छपरवाल व समन्वयक के साथ छात्राओं की सुविधा के संदर्भ में तीनों छात्रावास का दौरा किया गया। डॉ. छपरवाल ने तीनों छात्रावासों में छात्राओं के कक्ष, पलंग व बिस्तर की सुविधा का जायजा लिया। आपके द्वारा बिस्तर की सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही गयी। प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रावास में बिस्तर की सुविधा दिये जाने के आपके प्रस्ताव से छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त की।

डॉ. छपरवाल ने सुझाव दिया कि प्रवेश संख्या बढाने के लिये सुविधाओं का दिया जाना ही एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

# कस्तूरबाग्राम रूरल इन्स्टीट्यूट, कस्तूरबाग्राम, इंदौर
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
## IQAC की पूर्व बैठक दिनांक 02.05.0217 में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन

**विषय कमांक– 01 नवीन पाठ्यकमों के संदर्भ में –**

उक्त संदर्भ में माह जून 2017 में संस्था में नवीन पाठ्यकम के प्रस्ताव तैयार करने हेतु पूर्व निर्धारित विषय बी.कॉम. (कम्प्यूटर), एमएस.डब्ल्यू., एमए. (समाजशास्त्र) व पी.जी.डी.सी.ए. की सम्पूर्ण कार्यवाही की गई।

मध्यप्रदेश शासन के नियम अनुसार माह सितम्बर में ऑन–लाइन आवेदन किया गया।

दिनांक 02.05.17 को समाजशास्त्र अध्ययन परिषद की बैठक समाजशास्त्र स्नातकोत्तर पाठ्यकम हेतु समपन्न की गयी।

- संस्था की शासी निकाय की बैठक 22.05.18 को समस्त सदस्यों के विचार विमर्श के पश्चात प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- शासी निकाय से अनुमोदित समाजशास्त्र स्नातकोत्तर पाठ्यकम प्रारंभ करने की विश्वविद्यालय को जानकारी व आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।
- आगामी सत्र 2018–19 से समाजशास्त्र स्नातकोत्तर की कक्षाएं आरंभ करने की पूर्ण योजना तैयार है।
- महाविद्यालय वैबसाइट –

समिति इस प्रकार ह –

विशाखा समिति / व्यक्तिगत शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ

प्राचार्य – डॉ. निर्मला सिंह

शिक्षक – डॉ.शैलबाला गांधी

कीडा अधिकारी – डॉ. पूनम कौशिक

शिक्षक – डॉ. इंदुबाला मालवीय

शिक्षक – डॉ. विजय सोलंकी

छात्रावास अधीक्षिका – श्रीमती उर्मिला मिश्रा

छात्रावास अधीक्षिका – श्रीमती ममता पाण्डे

आर.टी.आई. समिति इस प्रकार है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्राचार्य | – | डॉ. निर्मला सिंह | – अध्यक्ष |
| शिक्षक | – | डॉ.शैलबाला गांधी | – सदस्य |
| कीडा अधिकारीं | – | डॉ. पूनम कौशिक | – सदस्य |
| शिक्षक | – | डॉ. विजय सोलंकी | – सदस्य |
| शिक्षक | – | श्री गोविंद नागौर | – सदस्य |
| लेखापाल | – | श्री दीपक सोलंकी | – सदस्य |

– वेबसाईट के प्रक्कथन में संस्था के वैचारिक और सैद्धांतिक जीवन तत्वों की एवं दिशा दर्शन की जानकारी दी।

– **IQAC समिति** – IQAC की नई समिति का गठन किया गया है।

Internal Quality Assurance Cell (IQAC)

(December 2017 - Dec. 2019)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Chairman | - | Dr. Karunakar Trivedi, Chairman, KGNMT |
| 2. | Administrative Officers | - | Dr. Nirmala Singh (Principal, KRI) |
| | | - | Dr.Shailbala Gandhi (Examination Incharge) |
| | Members | - | Mr. Deepak Solanki (Accountant, KRI) |
| 3 | Teaching Faculty - | - | Dr. Indubala Malviya |
| | | - | Dr. Kirti Yadav |
| | | - | Dr. Maya Rawat |
| | | - | Dr. Vijay Solanki |
| | | - | Mr. Govind Nagore |
| | | - | Shri Madhu Singh Solanki, (Librarian) |
| 4 | Member of Management | - | Smt. Suraj Damor,Secretary, KGNMT |
| 5 | Local Society/Student/ | - | Dr. Mangal Mishra – Princial, SCMGC |
| | Alumni/Members | - | Ms. Nisha Gehlot- Senior Student |
| 6 | Stakeholder/ Industrialists/ Employers Members | - | Dr. S.L. Garg- Advisor, SAGE University |
| 7 | Coordinator | - | Dr. Poonam Kaushik |

– पालकों व शिक्षकों की बैठक अगस्त में प्रस्तावित है।

## विषय कमांक– 2–3 नैक मूल्यांकन की तैयारी –

नैक मूल्यांकन के संबंध में चाहे गये प्रारूप के अनुसार कार्यवाही आरंभ कर दी गयी है।

विद्यार्थियों से शिक्षक प्रतिपुष्टि फार्म पूर्ण करवा लिया गया है व उनके निष्कर्ष संकलित किये जा रहे हैं।

– छात्र प्रोफाईल का कार्य भी किया जा रहा है।

– महाविद्यालयीन नैक एस.एस.आर. समिति गठित कर कार्य आरंभ कर दिया गया है। समिति इस प्रकार है –

प्राचार्य – डॉ. निर्मला सिंह
कीडा अधिकारी – डॉ. पूनम कौशिक
शिक्षक – डॉ. कीर्ति यादव
शिक्षक – डॉ. विजय सोलंकी

### मुल्यांकन के आधारों पर सब कमेटी –

1. Curriculum Design & Planning -

शिक्षक – डॉ.शैलबाला गांधी
कीडा अधिकारी – डॉ. पूनम कौशिक
शिक्षक – डॉ. इंदुबाला मालवीय

2. Teaching, Learning & Evaluation –

प्राचार्य – डॉ. निर्मला सिंह
शिक्षक – डॉ.शैलबाला गांधी
कीडा.अधिकारी – डॉ. पूनम कौशिक
शिक्षक – डॉ. इंदुबाला मालवीय
प्राचार्य – डॉ. निर्मला सिंह

3. Research, Consultancy & Extension –

प्राचार्य – डॉ. निर्मला सिंह
शिक्षक – डॉ. कीर्ति यादव
शिक्षक – श्री गोविंद नागोर

4. Infrasturacture & Learning Resources –

शिक्षक – डॉ.माया रावत
शिक्षक – डॉ. विजय सोलंकी
ग्रंथपाल – श्री मधुसिंह सोलंकी

5. Student support & Progression –

शिक्षक – डॉ.माया रावत

शिक्षक – डॉ. विजय सोलंकी

ग्रथपाल – श्री मधुसिंह सोलकी

6. Governance & Leadership –

शिक्षक – डॉ. शैलबाला गांधी

शिक्षक – डॉ. माया रावत

शिक्षक – श्री गोविंद नागोर

शिक्षक – सुश्री ज्योति डावर

7. Innovation & Best Practices –

प्राचार्या – डॉ.निर्मला सिंह

कीडा अधिकारी – डॉ.पूनम कौशिक

शिक्षक – डॉ.कीति यादव

– महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ द्वारा शोध लेखन कार्य व विभिन्न वर्कशॉव व सेमीनार में भागीदारी की गयी।

**विषय कमांक– 04 व्यक्तित्व विकास एवं गुणवत्ता संवर्धन के संदर्भ में –**

बैठक में सुझाये गये विशिष्टि वक्ताओं के सेवा निवृत होने, समयाभाव व अन्य विशेष परिस्थितियों के कारण कार्याशालाएं आयोजित नही हो पाई। सत्र 2017–18 में व्यक्तित्व विकास व गुणवत्ता संवर्धन हेतु निम्न कार्य करवाये गये। ?

| S.No. | Activities | Days | Date | Participants |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Rakhi Making Workshop | 03 Days | 31 July - 02 Aug. | 34 |
| 02 | Naturopathy Workshop | 02 Days | 3-4 Oct. | 54 |
| 03 | Baa-Bapu 150th Birth Centenary Lecture series | Every Thrusday | Feb.18 Till date | 260 |
| 04 | Career Guidance workshop (Government Sector) | 01 Days | 21 March 18 | 90 |
| 05 | Career Guidance workshop (Banking Sector) | 01 Days | 08 Feb.2018 | 90 |

| S.No. | Activities | Days | Date | Participants |
|---|---|---|---|---|
| 06 | Education Tour to Gandhi Research Foundation, Jalgaon Maharashtra | 05 days | 29 Jan.-02 Feb | 55 |
| 07 | Youth Leadership Training Camp | 06 days | 31 July-05 Aug. | 50 |
| 08 | Personality Development workshop | 02 days | 17 -18 Nov. | 90 |
| 09 | Vermi Compost and Importance of Medicinal plants | 01 days | Dec.17 | 60 |
| 10 | Self Defense & skills | 01 days | 13 Oct. | 60 |

**विषय कमांक– 05 अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय –**

**– छात्रावास व्यवस्था संदर्भ में –**

डॉ.छापरवाल ने छात्रावास के निरीक्षण के पश्चात् प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के छात्रावास में बिस्तर की व्यवस्था संस्था की ओर से दी जाय इस बात पर विशेष जोर दिया। आपका कथन था कि विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के आधार पर भी प्रवेश संख्या बढ़ सकती है।

.......